# खबर अपडेट

## नेताजी की जीवनी से लें प्रेरणा : मधुमिता

**हावड़ा :** हावड़ा के डोमजुड़ स्थित आजाद हिन्द फौज स्मृति महाविद्यालय में नेताजी सुभाष चंद्र विषयक अंतरराष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी का उद्घाटन उच्च शिक्षा विभाग,पश्चिम बंगाल सरकार की एडिशनल डीपीआई डॉ मधुमिता मन्ना व अन्य अतिथियों ने किया।



महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ सुप्रिय चक्रवर्ती ने स्वागत वक्तव्य देते हुए सभी का स्वागत किया। उच्च शिक्षा विभाग,पश्चिम बंगाल सरकार की एडिशनल डीपीआई डॉ मधुमिता मन्ना ने स्पष्ट किया कि विद्यार्थियों को नेताजी के जीवन से यह सीख लेनी चाहिए कि वे भोगवाद की संस्कृति से दूर रहते हुए मानवीय मूल्यों के हिमायती बनें। कॉलेज के विद्यार्थियों एवं अध्यापकों ने मिलकर कवि शुभो दास गुप्तो की कविता आमी सुभाष बोलची का सुन्दर पाठ किया। प्रो. सुमन बंद्योपाध्याय ने कहा कि हमें नेताजी से यह सीखना चाहिए कि अपने से बड़ों का सम्मान कैसे किया जाना चाहिए। सिद्धू कान्हू बिरसा विश्वविद्यालय से पधारे डॉ पलाश मंडल ने सुभाषवाद की विस्तृत चर्चा की। डॉ सत्य प्रकाश तिवारी ने कहा कि ऐसे महापुरुषों के जन्म दिन को इसी प्रकार के कार्यक्रमों के माध्यम से उनके आवादनों को याद करते हुए मनाना चाहिए। मौके पर डॉ. विवेक मणि त्रिपाठी, एसोसिएट प्रोफेसर, क्वांगतोंग विदेशी भाषा विश्वविद्यालय, चीन व जापान के ओसाका विश्वविद्यालय के डॉ वेद प्रकाश सिंह ने बातें रखीं। कार्यक्रम का सफल संचालन डॉ पलाश बंद्योपाध्याय एवं धन्यवाद ज्ञापन डॉ अदिति सेन गुप्ता ने किया।

## अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन में छात्राओं ने दिखाई प्रतिभा

**हावड़ा:** अग्रसेन बालिका शिक्षा सदन के प्राथमिक विभाग का वार्षिक खेलकूद